**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांकः- 13.04.2021**

# महोबा पुलिस

**सोशल मीडिया सेल**

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने मतदाताओं को प्रलोभन देने वालों के विरुद्ध की कठोर कार्यवाही...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में आमागी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत मतदाताओं को प्रलोभन देने वाले अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने के क्रम में आज दिनांक 13.04.2021 को थाना श्रीनगर **SHO** श्री संजय कुमार शर्मा द्वारा गठित पुलिस टीम ने अभियान में सम्मिलित होकर आर्यावर्त बैक के पास बहद ग्राम सिजहरी से 01 नफर अभियुक्त कमलेश कुमार पुत्र लल्लू राम राजपूत उम्र करीब 41 वर्ष को सेन्ट्रो कार न0 **UP95 S 0528** जिसमें 04 अदद पेटी में कुल 180 अदद क्वाटर देशी शराब नाजायज (ब्राण्ड- कैटरीना) बरामद हुई, जिसका प्रयोग जनपद में होने वाले पंचायत निर्वाचन में किया जाना था। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि अभियुक्त 2-अतेन्द्र कुमार पुत्र विनय कुमार ( ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी सिजहरी) के द्वारा चुनाव मे मंगाये जाने पर कार में अवैध शराब लाया था जिस पर प्रत्याशी सहित सेल्स मैन अभियुक्त ओमप्रकाश उर्फ खुदी त्र धनीराम उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम सिजहरी अभियुक्त ठेकेदार गंगादीन पुत्र मंगरु अहिरवार उम्र करीब 40 वर्ष के विरुद्ध थाना स्थानीय मे मु0अ0स0 62/21 धारा 60 आब0अधि0 व 171 (**E**) भा0द0वि पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई एवं वाहन उपरोक्त को मुसिसिन0 17/21 धारा 207 एमवीएक्ट के तहत सीज किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

अभियुक्त कमलेश पुत्र लल्लू राम राजपूत नि.ग्राम बगवाहा थाना कुलपहाङ जिला महोबा

**गिरफ्तार करने वाली टीम पुलिस टीम –**

1- उ0नि गोपीचरन
2- का0 जगवीर 3- का0 शिवम



# थाना अजनर पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 04 अभियुक्ताओं को किया गिरफ्तार...

जनपद में आमागी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री तेज बहादुर सिंह के निकट पर्यवेक्षण में शराब के अवैध कारोबार पर नियन्त्रण व उसमें लिप्त अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना अजनर **SHO** श्री श्याम प्रताप पटेल द्वारा गठित पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम ने अभियान में शामिल होकर दिनांक 12.04.2021 को कबुतरा डेरा धवर्रा से 02 नफर अभियुक्ताओं क्रमशः 1. माया पत्नी रोहित कबूतरा उम्र 35 वर्ष व 2. रागिनी पत्नी सुसेन्द्र कबूतरा उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से 02 अदद डिब्बो में क्रमशः 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी तथा मौके पर 2000 लीटर लहन को नष्ट किया गया।

इसी क्रम में द्वितीय टीम द्वारा आज दिनांक 13.04.2021 को कबुतरा डेरा धवर्रा से 02 नफर अभियुक्ताओं क्रमशः 1. आरती पत्नी अमित उम्र करीब 25 वर्ष 2. नीलू पत्नी संगम कबूतरा उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 02 अदद डिब्बो में क्रमशः 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब नाजायज बरामद की गया तथा मौके पर 25000 लीटर लहन को नष्ट किया गया।

बाद आवश्यक कार्यवाही थाना स्थानीय पर उपरोक्त के विरुद्ध क्रमशः मु.अ.स. 68/2021, मु.अ.स. 69/2021, मु.अ.स. 71/2021 व मु.अ.स. 72/2021 धारा 60 आबकारी एक्ट पंजीकृत किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्ताओं का विवरण...

1. माया पत्नी रोहित कबूतरा उम्र 35 वर्ष नि. ग्राम कबूतरा डेरा खोई थाना अजनर
2. रागिनी पत्नी सुसेन्द्र कबूतरा उम्र 21 वर्ष नि. ग्राम कबूतरा डेरा खोई थाना अजनर
3. आरती पत्नी अमित कबूतरा नि0 कबूतरा डेरा धवर्रा उम्र करीब 25 वर्ष
4. नीलू पत्नी संगम कबूतरा उम्र 22 वर्ष नि0 कबूतरा डरा धवर्रा थाना अजनर

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण...

1 उ.नि. राजेश कुमार प्रजापति चौकी इंचार्ज धवर्रा थाना अजनर जनपद महोबा
2. का. हरेन्द्र कुमार 3.का. विजय कुमार 4.का. चन्दन पांचाल
4. म.का. निधि देवी थाना अजनर जनपद महोबा
5.आवकारी निरीक्षक योगेश कुमार आवकारी कार्यलाय महोबा मय टीम के





Mahoba Police

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः- 13.04.2021**

**सोशल मीडिया सेल**

## जनपद में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में लगे पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया जिसमें सभी को पंचायत चुनाव के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया।

जनपद महोबा में दिनांक 15.04.2021 को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत आज दिनांक 13.04.2021 को पुलिस लाइन, महोबा में शासन द्वारा नामित प्रेक्षक श्री अभय, विशेष सचिव पुनर्गठन एवं समन्वय विभाग उत्तरप्रदेश शासन लखनऊ की अध्यक्षता में तथा जिलाधिकारी महोबा श्री सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया में लगे समस्त पुलिस बल की ब्रिफिंग की गयी, जिसमें समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी के विषय में विस्तार से बताया गया कि मतदान स्थल पर जो भी पुलिस कर्मी लगे होंगे व कोविड-19 के नियमों का पालन करवाते हुये मतदान को कुशलता के साथ सम्पन्न करवायेंगे तथा जो भी कलस्टर मोबाइल लगे हों वो सभी विषम परिस्थितियों से निपटने हेतु दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस होंगे, चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कदापि ना होने पाये, यदि किसी प्रत्याशी या मतदाता द्वारा चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों को उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जाये, धारा 144 लागू होने पर मतदान केन्द्रों से भीड़ या लोगों का जमाव 200 मीटर की दूरी के पालन को सुनिश्चिच किया जाये।

सभी पोलिंग बूथ में कोविड आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है जिससे कोविड से सम्बंधित लक्षण वाले किसी व्यक्ति में सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार के लक्षण दिख रहे हों तो ऐसे व्यक्तियों को अंत में पूरी सुरक्षा के साथ मतदान कराया जाए।



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 13.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## "मिशन शक्ति" अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक...।

आज दिनाँक 13.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **"मिशन शक्ति"** महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक रचना सिंह मय टीम के साथ जनपद महोबा में गौरिया दाई माता, छतेसर पनवाडी में मिशनशक्ति जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया, जिसमें कहा कि सभी छात्रायें अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरुक रहें आज के समय में छात्रायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है आप अपनी शक्ति को पहचाने इसी क्रम में कहा कि स्कूल आते जाने समय हमेशा सतर्क रहें और रास्ते में यदि कोई आपका पीछा करता है या कोई अपशब्द/अश्लील बातें या फब्तियां कसता है तो आप सभी को अपने सम्मान, अपनी सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरुक होकर तत्काल असामाजिक तत्वों के विरुद्ध हेल्पलाइन नम्बरों- 112, 1090, 1076 या अपने नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दें या फिर पुलिस के ट्वीटर हैंडल **@mahobapolice** का भी प्रयोग कर शिकायत दर्ज कराते हुये शोहदों को उनका सबक सिखायें इसी क्रम में सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी देते हुये सभी को मिशनशक्ति जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया।



# प्रेस विज्ञप्ति
**दिनांक:- 13.04.2021**

# महोबा पुलिस

**सोशल मीडिया सेल**

## आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को कोतवाली महोबा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार




आज दिनाँक 13.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अराजक तत्वो/सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालो के विरूद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत प्र0नि0 कोतवाली महोबा श्री अनूप कुमार दुबे मय हमराहियान के मोहल्ला भटीपुरा से 01 नफर अभियुक्त अफाक पुत्र मुस्ताक अहमद उम्र 28 वर्ष, निवासी राठौर आटा चक्की के पास मु0 भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा, को फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध थाना हाजा पर **मु0अ0सं0 191/2021 धारा 295क/153क/504/506 भादवि व 67 आईटी एक्ट** का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

अफाक पुत्र मुस्ताक अहमद उम्र 28 वर्ष, निवासी राठौर आटा चक्की के पास मु0 भटीपुरा कोतवाली नगर जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे
2. का0 अजीत सिंह
3. का0 राहुल कुमार
4. महिला का0 राधिका
5. महिला का0 मधू देवी

## पंचायत चुनाव के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी नगर/चरखारी मय पीएसी बल के साथ संवेदनशील/अतिसंवेदनशील ग्राम-सभा में किया गया फ्लैग मार्च एवं ग्रामीणो से की गई वार्ता





आज दिनाँक 13.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय मय थाना कबरई पुलिस बल के साथ एवं सीओ चरखारी श्री उमेश चन्द्र मय थाना चरखारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील ग्राम-सभा व मतदान केन्द्रो पर पीएसी बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया । इस दौरान ग्रामीणो को सुरक्षा का अहसास कराया गया एवं चुनाव में बाधा डालने वालो व शराब व अन्य प्रतिबन्धित चीजों के वितरण की सूचना तुरन्त स्थानीय पुलिस को देने की अपील की गई । समस्त थानो द्वारा भी भारी पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में पैदल गस्त करके पंचायत चुनाव के मद्देनजर संदिग्धो की चेकिंग की गई एवं लोगो से आचार संहिता का पालन करने की अपील की गई ।











**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः- 13.04.2021**

# महोबा पुलिस

**सोशल मीडिया सेल**

# GOOD MORNING MAHOBA




**MAHOBA POLICE**

**सोशल मीडिया सेल**

जनपदीय पुलिस की गुड़ मार्निंग टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में सुबह कि सैर करके ग्रामीण क्षेत्र के लोगो से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना तथा स्कूली बच्चों से मिलकर आगामी माह में होने वाली बोर्ड परीक्षा से संबंधित
महत्वपूर्ण टिप्स दिये ।

**चलो दुखों को भुलाकर एक बार फिर जीते हैं, कब तक ऐसे जियेंगे?**

**चलो आज ज़िन्दगी की शुरुआत एक मुस्कुराहट के साथ करते हैं। सुप्रभात।**